# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

## राँची झारखण्ड

### मॉडल प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ

### 2023

| कक्षा–8 | विषय–हिन्दी | | पूर्णांक–50 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश :–**

- कुल 50 प्रश्न है।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है –
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए।
- गलत उतर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।

I. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर उससे दिए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनें –

अशोक – (स्वतः) आज चार साल से यह युद्ध हो रहा है और कलिंग आज भी जीता नहीं जा सका है। दोनों ओर के लाखों आदमी मारे गए है, लाखों घायल हुए हैं। पर हम आज भी असफल हैं। क्या होगा इसका परिणाम?

द्वारपाल – (सिर झुकाकर) राजन! संवाददाता आना चाहता है।

अशोक – आने दो।



Jharworld.com

संवाददाता – (प्रवेश कर) महाराज अशोक की जय हो! शुभ संवाद है। गुप्तचर समाचार लाया है कि कलिंग के महाराज लड़ाई में मारे गए हैं।

1. उपरोक्त पंक्तियों के लेखक कौन है?

   (A) ज्ञानरंजन (B) बंशीधर श्रीवास्तव

   (C) प्रेमचन्द (D) रामचन्द्र शुक्ल

2. कौन आज भी जीता नहीं जा सका है?

   (A) वर्मा (B) नेपाल

   (C) कलिंग (D) चीन

II. कक्षा में प्रथम आने पर अपने पिता को लिखे गए इस पत्र में छूटे गए अंश को भरिए जो प्रश्न संख्या 3, 4 तथा 5 के रूप में बॉक्स में क्रमांकित हैं –

पूज्य पिताजी

......................... (3)

मैं यहाँ सकुशल हूँ आशा करता हूँ कि आप सभी कुशल होंगे। आज हमारे विद्यालय का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। आपको यह जानकर हार्दिक ......................... (4) होगी कि मैंने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह आपके आशीर्वाद एवं कुशल मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाया है। माता जी को प्रणाम तथा छोटे भाई को प्यारा भरा ......................... (5)

आपका आज्ञाकारी पुत्र

क ख ग

दिनांक 14.03.2023



Jharworld.com

3. (A) सादर प्रणाम (B) नमस्ते (C) नमस्कार (D) स्नेहाशीष

4. (A) अप्रसन्नता (B) प्रसन्नता (C) कुशलता (D) निराशा

5. (A) प्रणाम (B) मार्गदर्शन (C) हार्दिक (D) आशीर्वाद

## व्याकरण खण्ड

6. तालाब शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

   (A) सरोवर (B) सर (C) सरिता (D) पोखर

7. चंद्रमा शब्द का पर्यायवाची शब्द होगा?

   (A) रश्मि (B) शशि (C) रसाल (D) सरोज

8. शीश शब्द का तद्भव रूप कौन सा होगा?

   (A) सिर (B) शरीर (C) शशि (D) सूर्य

9. वह थी एक मजदूर इस वाक्य में मजदूर है –

   (A) संज्ञा (B) सर्वनाम (C) क्रिया (D) क्रिया विशेषण

10. करण कारक का विभक्ति चिन्ह होगा?

    (A) ने (B) कर्म (C) से (D) मे पर

11. हँसते हुए मुखवाला शब्द समूह के बदले एक शब्द होगा?

    (A) हठीला (B) हँसोढ़ (C) हँसमुख (D) हठपन

12. आस्तीन का साँप मुहावरे का सही अर्थ होगा?

    (A) असली मित्र (B) कपटी मित्र (C) प्यारा मित्र (D) अन्य मित्र

13. परोपकार का संधि विच्छेद क्या होगा?

    (A) परा+उपकार (B) पर+उपकार (C) परो+उपकार (D) परोप+कार



Jharworld.com

14. खेल–कूद किस प्रकार का समास है?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) बहुब्रीहि (D) कर्मधारय

15. जय शब्द का विलोम होगा?

(A) परतंत्र (B) पराजय (C) पवित्र (D) अशांति

16. कवि शब्द का स्त्रीलिंग रूप होगा?

(A) कवित्री (B) कवयत्री (C) कवियत्री (D) कवयित्री

17. मैं भी बहुत भयभीत था इस वाक्य में प्रविशेषण होगा?

(A) मैं (B) भी (C) बहुत (D) भयभीत

18. उपवन शब्द में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त होगा?

(A) अप (B) अनु (C) उप (D) उ

19. उपकार शब्द में किस उपसर्ग के संयोग से परोपकार शब्द बना है?

(A) परा (B) पर (C) परउ (D) परस

20. मजदूर शब्द में 'ई' प्रत्यय लगाने से नया शब्द कौन सा बनेगा?

(A) मजदूरी (B) मसखरी (C) मजबूती (D) मजबूतियाँ

## पाठ्य पुस्तक

21. पुष्प की अभिलाषा कविता में पुष्प किसके प्रति समर्पित है –

(A) मातृभूमि और वीर (B) किसान (C) देवी–देवता (D) सुरबाला

22. छोटा–जादुगर कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(A) मुंशी प्रेमचंद (B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेव टोप्पो



Jharworld.com

23. कार्निवल के मैदान का माहौल कैसा था?

(A) खुशनुमा (B) विषादनुमा (C) नीरस (D) अजीब

24. किसका ज्वर सबसे भयानक होता है?

(A) सत्संग (B) कुसंग (C) सच्चाई (D) अच्छाई

25. किस अवस्था में मित्रता की धुन सवार रहती है?

(A) युवावस्था (B) बालपन (C) छात्रावस्था (D) वृद्धावस्था

26. चलने से पहले किसका अनुमान कर लेना चाहिए?

(A) पथ का (B) नदी का (C) पहाड़ का (D) मित्र का

27. बड़े भाई साहब पाठ में कनकौआ का क्या अर्थ होगा?

(A) चिड़िया (B) पतंग (C) आसमान (D) बिजली

28. मैदान के बीच में किसकी पताका फहरा रही है?

(A) मगध (B) कलिंग (C) शाक्य (D) चालुक्य

29. बुढ़िया गाँव के किस दिशा में रहती थी?

(A) पूरब (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

30. किसका तन थक गया था?

(A) बुढ़िया का (B) पति का (C) बेटा का (D) बेटी का

31. लेखक के घर के सामने किसका पेड़ था?

(A) आम (B) अमरूद (C) जामुन (D) कटहल

32. कहाँ के अमरूद प्रसिद्ध है?

(A) पटना (B) राँची (C) इलाहाबाद (D) लखनऊ



Jharworld.com

33. बस में यात्रा के समय लेखक के कितने बच्चे उनके साथ थे?

(A) दो (B) तीन (C) चार (D) एक

34. बस के यात्रियों ने कैसी बातें शुरू कर दी?

(A) तरह–तरह की (B) बेकार की (C) काम की (D) अफवाह की

35. भरत ने राम से क्या आग्रह किए?

(A) वापस चलें (B) वन में रहें (C) तपस्या करें (D) भाग जाएँ

36. मिथिलेस किसे कहा गया है?

(A) दशरथ (B) ज़नक (C) राम (D) लखन

37. झारखंड के दो सपूत पाठ में किस क्षेत्र की चर्चा की गई है?

(A) झारखंड (B) बिहार (C) नेपाल (D) उड़ीसा

38. रामनारायण सिंह का जन्म कब हुआ था?

(A) 1985 (B) 2005 (C) 1885 (D) 1785

39. बस को कंपनी के हिस्सेदार कैसा बता रहे थे?

(A) फर्स्ट क्लास (B) सेकेंड क्लास

(C) थर्ड क्लास (D) फोर्थ क्लास

40. हुंडरू जल प्रपात का पानी कितना फुट से नीचे गिरता है?

(A) 272 (B) 243 (C) 244 (D) 275

41. रात के सन्नाटे में कौन रोती है?

(A) नदियाँ (B) जंगल (C) घर (D) खलिहान



Jharworld.com

42. गुरू शिष्य हिन्दी साहित्य की कौन सी विद्या है?

(A) कविता (B) कहानी (C) यात्रा संस्मरण (D) संस्मरण

43. डॉ0 चंद्रा क्या बनना चाहती थी?

(A) इंजीनियर (B) डाक्टर (C) प्रोफेसर (D) कवि

44. वीर जननी का पुरस्कार किसे मिला?

(A) पिता को (B) डॉ0 चंद्रा की माँ को

(C) डॉ0 चंद्रा को (D) दादा को

45. डॉ0 चंद्रा को किस बीमारी ने गरदन के नीचे का पूरा शरीर निर्जीव कर दिया था?

(A) पोलियो (B) टायफायड (C) तपेदिक (D) हैजा

46. किसके घर में खुशी का माहौल था?

(A) शुभांगी (B) रवि (C) कमलेश (D) कमला

47. शुभांगी के पिता आँगन में बैठकर क्या पढ़ रहे थे?

(A) पत्रिका (B) समाचार पत्र (C) उपन्यास (D) कविता

48. तालाब बाँधता धरम सुभाव के रचनाकार कौन है?

(A) अनुपम मिश्र (B) महादेवी वर्मा (C) शिवानी (D) निर्मला पुतुल

49. बिहार के किस इलाके में अकाल के समय गाँवों ने मिलकर 63 तालाब बनवाए थे?

(A) पटना (B) औरंगाबाद (C) दरभंगा (D) मधुबनी

50. छेरा–छेरा त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?

(A) तमिलनाडु (B) छत्तीसगढ़ (C) हरियाणा (D) बिहार



Jharworld.com

# <u>उत्तर पत्रक</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | B | 26. | A |
| 2. | C | 27. | B |
| 3. | A | 28. | A |
| 4. | B | 29. | A |
| 5. | D | 30. | A |
| 6. | C | 31. | B |
| 7. | B | 32. | C |
| 8. | A | 33. | B |
| 9. | A | 34. | A |
| 10. | C | 35. | A |
| 11. | C | 36. | B |
| 12. | B | 37. | A |
| 13. | B | 38. | C |
| 14. | B | 39. | A |
| 15. | B | 40. | B |
| 16. | D | 41. | A |
| 17. | C | 42. | D |
| 18. | C | 43. | B |
| 19. | B | 44. | B |
| 20. | A | 45. | A |
| 21. | A | 46. | A |
| 22. | C | 47. | B |
| 23. | A | 48. | A |
| 24. | B | 49. | D |
| 25. | A | 50. | B |



Jharworld.com